# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त की राशि पूरे देश के किसानों के खाते में डालेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि डालेंगे।

*****************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 लाख 72 हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के बोनस को स्वीकृति दी है। बोनस पर दो हजार उनतीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बोनस का भुगतान रेलवे कर्मचारियों को रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन है।

*****************

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पलामू के हुसैनाबाद से विधायक कमलेश कुमार सिंह आज भाजपा में शामिल हो गये। रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के झारखंड चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

*****************

झारखंड कांग्रेस का प्रथम चरण का चुनावी अभियान आज से शुरू हो गया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि पहले राज्य के 33 विधानसभा सीटों पर यह अभियान चलेगा।

*****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य गुलशन उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पर सरकार की ओर से एक लाख रुपए का इनाम घोषित है। एसपी कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की है।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय में अलग–अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार को प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी का निर्देश दिया है।

*****************

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर आज सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत देने का निर्णय सुनाया। अदालत ने कहा कि जमानत पर रहने के दौरान वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेंगे और बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ेंगे।

*****************

पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के मझिगांवा में जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में तीन लोग जख्मी हो गये हैं। सभी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। सूचना के बाद पुलिस छानबीन में जुट गयी है। पुलिस अधीक्षक

रिष्मा रमेशन ने बताया कि गोलीबारी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में इस्तेमाल  हथियार को जब्त कर लिया गया है।

*****************

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

शारदीय नवरात्र को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में उत्साह का माहौल है। मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में आज देवी के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आऱाधना की जा रही है। वहीं, रामगढ़ के रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में भक्तों की भीड़ जुट रही है।

******समाप्त***********